साथ ही अपनी पर्सनल डिटेल्स जैसे ओ.टी.पी., ऐसी शिकायत सा

# सिम्फनी ने कूलर और स्मार्ट वॉटर गीजर का किया अनावरण

अहमदाबाद, 17 अगस्त (बिजनैस न्यूज): एयर कूलिंग समाधानों में अग्रणी भारतीय बहुराष्ट्रीय सिम्फनी लिमिटेड ने हाल ही में गोवा में 2 दिवसीय चेयरमैन क्लब 2023-24 कार्यक्रम आयोजित किया, जहां शीर्ष व्यापार भागीदारों को आमंत्रित किया गया और नेतृत्व टीम द्वारा सम्मानित किया गया।



इस कार्यक्रम में कूलर्स में ब्लॉक बस्टर उत्पाद लॉन्च किए गए और वॉटर हीटर श्रेणी में सिम्फनी के प्रवेश को चिह्नित किया गया।

सिम्फनी लिमिटेड ने गीजर स्पा, सौना और सोल की तीन शृंखलाओं के लॉन्च के साथ स्टोरेज वॉटर हीटर श्रेणी में प्रवेश की घोषणा की। सिम्फनी स्पा गीजर कई अभूतपूर्व सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष अचल बेकरी ने कहा, "हम सिम्फनी स्पा गीजर पेश करते हुए रोमांचित हैं। यह एक ऐसा उत्पाद है जो उपभोक्ता की जरूरतों की समझ के साथ हमारी तकनीकी क्षमता को जोड़ता है।"

प्लास्टिक बॉडी के साथ सिम्फनी सॉना रेंज में समान उन्नत 9-लेयर पुरोपॉड वॉटर फिल्ट्रेशन कार्ट्रिज भी है, जो उपभोक्ताओं के लिए एक कुशल और किफायती विकल्प प्रदान करता है।

सिम्फनी सोल रेंज एक मैटल बॉडी और एक एल.ई.डी. डिस्प्ले के साथ आती है, जिसमें बेहतर पानी की गुणवत्ता के लिए उन्नत पुरोपॉड तकनीक भी शामिल है। सभी सिम्फनी गीजर 10, 15 और 25-लीटर क्षमता में उपलब्ध हैं, जो विभिन्न घरेलू जरूरतों को पूरा करते हैं।